## नियमों को दरकिनार कर स्टेशन क्षेत्र में अहाता का किया जा रहा था संचालन

# अवैध अहाता में छलक रहे थे जाम, पुलिस ने दी दबिश तो पियक्कड़ों में मचा हड़कंप

## टेबिल कुर्सियां लगाकर परोसी जा रही थी शराब, बड़ी मात्रा में बोतलें की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से अहाता का संचालन करने पर पुलिस ने दबिश देकर कार्यवाही की। स्टेशन रोड स्थित ईश्वर कृपा कॉम्प्लेक्स में चलाए जा रहे एक अघोषित अहाते (बार) पर पुलिस ने रात करीब 8.15 बजे कार्रवाई की। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में मारी गई इस अचानक रेड से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़े पैमाने पर लोग शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इस अघोषित अहाते को पूरी तरह से व्यावसायिक रूप दे दिया गया था। ईश्वर कृपा कॉम्प्लेक्स में शराब दुकान के बगल में बाकायदा बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए गए थे, जिन पर साफ लिखा था— यहाँ बैठकर शराब पीने की उत्तम व्यवस्था है। स्वीकृत बार और नियमों से इतर, दूसरी जगह पर टेबल-कुर्सियां डालकर



ग्राहकों को सरेआम शराब परोसी जा रही थी।

सीएसपी नेहा पच्चीसिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टेशन के सामने इस कॉम्प्लेक्स में अवैध रूप से अहाता संचालित कर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जब पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, तो नजारा चौंकाने वाला था। न सिर्फ कॉम्प्लेक्स के भीतर, बल्कि शराब दुकान के ठीक बाहर भी लोग खुलेआम जाम छलकाते हुए नजर आए। दुकान स्वामी से लेकर ग्राहक तक बनेंगे आरोपी। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में शराब और बैठक व्यवस्था का सामान जब्त किया है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का साफ कहना है कि इस मामले में कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। नियमों के खिलाफ जाकर अहाता चलाने वाले दुकान स्वामी (लाइसेंसी) से लेकर, वहाँ बैठकर अवैध रूप से शराब का सेवन कर रहे ग्राहकों तक को इस मामले में आरोपी बनाया जा सकता है।

रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त और संवेदनशील इलाके के सामने इस तरह का अघोषित बार चलना सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। सीएसपी नेहा पच्चीसिया की इस त्वरित कार्रवाई के बाद से शहर के अन्य शराब ठेकेदारों और अवैध रूप से अहाता चलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि शहर के भीतर किसी भी सार्वजनिक स्थान या बिना अनुमति वाले परिसर में शराब पिलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसी अवैध गतिविधियों पर आगे भी सख्त एक्शन जारी रहेगा।

## दो नायब तहसीलदारों पर लगा तीन हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुए दो नायब तहसीलदारों पर कुल 3 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया है, वहीं नापतौल विभाग के एक निरीक्षक के विरुद्ध भी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण न करने पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि वसूल की गई राशि प्रभावित आवेदकों को प्रतिकार (मुआवजा) के रूप में प्रदान की जाए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सेवाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि नायब तहसीलदार सिंगौड़ी एवं देवराकला राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा 8 तथा नायब तहसीलदार कन्हवारा एवं मझगवां सुश्री अवंतिका तिवारी द्वारा 4 आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में नहीं किया गया।

इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर पालन प्रतिवेदन मांगा गया, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। परिणामस्वरूप कलेक्टर श्री तिवारी ने बिना पर्याप्त कारण के सेवा प्रदाय में विलंब करने पर राजेन्द्र श्रीवास्तव पर 2 हजार रुपये तथा सुश्री अवंतिका तिवारी पर 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

कलेक्टर ने संबंधित प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं एसडीएम को निर्देशित किया है कि अधिनियम के तहत सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

अधिरोपित जुर्माने की राशि संबंधित अधिकारियों के जून माह के वेतन से काटकर शासकीय शीर्ष 0070-60-800-1066 में जमा की जाएगी। साथ ही अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप प्रभावित आवेदकों को मुआवजा राशि का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### नापतौल निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित

कलेक्टर ने नापतौल विभाग के निरीक्षक माजिद खान के विरुद्ध भी कार्रवाई प्रस्तावित की है। पोर्टल समीक्षा के दौरान उनके स्तर पर 100 आवेदन समय-सीमा से बाहर लंबित पाए गए। इस पर दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु प्रकरण द्वितीय अपीलीय अधिकारी एवं नापतौल विभाग के नियंत्रक को प्रेषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चंडिका देवी मंदिर में आज होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**कटनी।** चंडिका नगर स्थित चंडिका देवी मंदिर की 19वी वर्षगांठ पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत विशाल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा पन्ना मोड मंडी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शुरू होकर चंडिका मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। आज 25 जून एकादशी के दिन मां चंडिका देवी मंदिर की 19वी वर्षगांठ मनाई जाएगी और संगीतमयी रामचरित मानस का अखंड पाठ का जायेगा, साथ ही पवनपुत्र हनुमान जी की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। आयोजन के अंतिम दिन 26 जून को सुबह 9 बजे मानस पाठ का समापन होगा। इसके बाद पूर्णाहूति हवन, पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट कमेटी ने क्षेत्र के साथ ही शहर के धर्मप्रिय नागरिकों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### ढीमरखेड़ा में दिव्यांगों के चिन्हांकन हेतु शिविर आज

**कटनी।** दिव्यांगों हेतु उपकरण एवं सहायक उपकरण के चिन्हांकन हेतु जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में गुरुवार 25 जून को शिविर का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव और ग्राम रोजगार सहायक को ग्राम पंचायत क्षेत्र में दिव्यांग चिन्हांकन शिविर के व्यापक प्रचार प्रसार एवं दिव्यांगो को निर्धारित दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्य पालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी बताते हैं कि गुरुवार 25 जून को मंगल भवन ढीमरखेड़ा में आयोजित होने वाले दिव्यांगों के चिन्ह्यांकन शिविर में इन दस्तावेजों को साथ में लाना होगा। दिव्यांगों को अपना यूडी आईडी कार्ड (आवश्यक रूप से), समग्र आईडी की नवीन छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र जिनकी सभी स्त्रोतों से मासिक से 22500 से कम है, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति, शिविर में केवल उन दिव्यांगों को दस्तावेज सहित उपस्थित होना है जिन्हें उपकरण / सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्ह्यांकन किया जाना है।

### 6 फीट लंबे कोबरा एवं गुहेरा को पकड़ कर जंगल में छोड़ा



**कटनी।** समाजसेवी एवं जीव जंतुओं के रक्षक सर्प विशेषज्ञ सतीश सोनी द्वारा साहित्यकार मनोहर मनोज के निवास पर करीब 6 फीट लंबा जहरीला कोबरा पकडा। कोबरा को पकडने में भारी मशक्कत की गयी। इसके पूर्व दो दिन पहले समाजसेवी सतीश सोनी ने एक दिन छोडकर गुहेरे को पकडा । घर में जहरीले जीव घुसने की श्री सोनी को सूचना दी गयी। कुछ ही देर में घर पहुंचकर उन्होंने मशक्कत के बाद गुहेरे एवं कोबरा को पकड लिया। तेज स्पीड के साथ भागने वाले कोबरा एवं गुहेरा को पकडना बेहद कठिन होता है। गुहेरे एवं कोबरा के पकडे जाने के बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। इसके पहले भी सतीश सोनी द्वारा यहां करीब 7फीट लंबा घोडापछाड सर्प पकडा था। बता दे श्री सोनी द्वारा समाजसेवा के लिये विगत लंबे समय से कार्य किया जा रहा। उनके नेक कार्य के प्रति समाजसेवी संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है। सतीश सोनी द्वारा जीव जंतुओं को पकडकर सुरक्षित जंगली इलाके में छोड दिया जाता है।

## जर्जर, खतरनाक स्कूल भवनों में शिक्षण कार्य पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी जीर्ण-शीर्ण एवं खतरनाक शाला भवनों तथा कक्षों में शिक्षण कार्य संचालित न किए जाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जर्जर कक्षों के निरसन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं। बीआरसीसी एवं उपयंत्रियों की रिपोर्ट के आधार पर जिले की 175 शालाओं के कुल 393 कक्षों को निरसन करने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही जिन शाला भवनों में मरम्मत की आवश्यकता है, वहां आवश्यक सुधार कार्य भी कराए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी बीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक, उपयंत्री एवं शाला प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे शाला भवनों का पुनः निरीक्षण करें। यदि कोई जर्जर या खतरनाक संरचना शेष रह गई हो तो उसे तत्काल चिन्हित कर निरस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन शालाओं में सुरक्षित कक्ष उपलब्ध नहीं हैं, वहां स्थानीय निकाय के सहयोग से वैकल्पिक भवन की व्यवस्था की जाए। साथ ही जहां निर्माण या मरम्मत कार्य जारी है, वहां बच्चों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाए। कलेक्टर ने निर्देशों के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में शाला परिसर में ऐसा जर्जर ढांचा नहीं रहना चाहिए, जिससे दुर्घटना की आशंका हो।

## अवैध परिवहन पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़वारा पुलिस ने अवैध रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई।पुलिस के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा पुलिस ग्राम गश्त और अपराधियों की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान ग्राम भुडसा के नौआ घाट क्षेत्र में पुलिस ने एक लाल रंग का बिना नंबर का ट्रेक्टर रोका, जिसकी ट्रॉली में रेत भरी हुई थी। पूछताछ में चालक ने अपना नाम गंगा कोल (30) निवासी ग्राम लमकना, थाना बड़वारा बताया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने एक अन्य नीले रंग का Powertrac Tractor भी रोका, जिसकी ट्रॉली में अवैध रूप से रेत भरी हुई थी। चालक ने अपना नाम विजेंद्र कोल (21) निवासी ग्राम भुडसा, थाना बड़वारा बताया।दोनों चालकों से रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया और उनके विरुद्ध धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, सहायक उपनिरीक्षक महेश प्रताप सिंह तथा आरक्षक अनिल साकेत की विशेष भूमिका रही।

## मनरेगा कार्य को जेसीबी से कराने पर कार्यवाही की मांग



ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य को पूरी तरह से बिना मशीनों के कराये जाने का निर्देश है फिर पंचायत सचिव और सरपंचों की आपसी मिलीभगत से मशीनों के माध्यम से कार्य करा लिया जाता है। इसी प्रकार की एक लिखित शिकायत भारतीय मज़दूर संघ बड़वारा ने की है। संभाग प्रभारी कमलेश पटेल के मार्गदर्शन पर संघ के तहसील अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने शिकायत पत्र में इस्तेमाल किये जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली और जीसीबी मशीन के नम्बरों का भी उल्लेख किया है। तहसील सचिव योगेंद्र गुप्ता ने बताया कि कराए जा रहे कार्य का पूरा वीडियो उनके पास है जिसका उल्लेख पत्र में भी किया गया है। शिकायत पत्र में जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत आने वाली गुड़ाकला ग्राम पंचायत के सांघी गुड़ाकला है। जनपद सीईओ से निवेदन किया गया है कि मशीनों से काम कराकर मजदूरों का वेतन हड़पने वाले सरपंच और सचिव पर कार्यवाही की जाए और इसके बदले में मजदूरों को उचित मजदूरी भुगतान की जाए। मज़दूरों को जॉब कार्ड भी दिलाये जाने की माँग पत्र में की गई है। ज्ञापन सौंपते समय बड़वारा तहसील अध्यक्ष गोविंद शर्मा,सचिव योगेंद्र गुप्ता,पंकज कुशवाहा, आशीष सेन की उपस्थिति रही।

## योजना के लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही कर पात्र आवेदकों को कराएं लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल)योजना के लंबित प्रकरणों में तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है लंबित प्रकरणों में पात्रता परीक्षण कराते हुए पात्र आवेदकों को यथाशीघ्र लाभान्वित कराया जाना सुनिश्चित करें। सुश्री कौर ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि जरूरतमंदों को समय पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना मुख्य रूप से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और गरीबों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाई जा रही एक प्रमुख कल्याणकारी पहल है. इसके तहत मजदूरों, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और गरीब परिवारों को आर्थिक, शैक्षणिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है। संबल योजना के मुख्य लाभ योजना के तहत पात्र श्रमिकों और उनके परिवारों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं।

दुर्घटना व मृत्यु सहायता- सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये और दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये और आंशिक दिव्यांगता पर 1 लाख रुपये मिलते है। परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु पर अंतिम संस्कार के लिए 5,000 रुपये दिए जाते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा मिलती है। महिला श्रमिकों को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पात्र परिवारों का बिजली बिल माफ किया जाता है या उन्हें रियायती दरों पर बिजली दी जाती है।

पात्रता आवेदक मध्य प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। वह असंगठित श्रमिक, बीपीएल (BPL) कार्ड धारक, या सामान्य मजदूर होना चाहिए। सरकारी कर्मचारी या आयकर दाता इसके पात्र नहीं हैं। संबल कार्ड बनवाने के लिए आवेदक की समग्र आईडी का होना अनिवार्य है। पात्र श्रमिक आधिकारिक संबल 2.0 पोर्टल पर जाकर अपना ई-केवाईसी (e-KYC) और आवेदन ऑनलाइन पूरा कर सकते है।

## स्लीमनाबाद पुलिस को मिली सफलता, अप्रैल माह में चोरी हुई थी बाइक

# खदान के पानी में फेंक दी थी चोरी की बाइक, पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

ग्राम तेवरी से चोरी हुई मोटर साइकिल को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खदान के पानी से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्या के निर्देशन एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बिछुआ निवासी आनंद चौधरी ने 25 अप्रैल 2026 को थाना



स्लीमनाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 अप्रैल को वह अपने पिता की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमपी 3911 से किराना सामान लेने ग्राम तेवरी गया था। सुबह करीब 9 बजे उसने लखनवाड़ा मोड़ स्थित दुकान के पास बाइक खड़ी की और सामान लेने चला गया। करीब 15-20 मिनट बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 241/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी तेजभान माना उर्फ भुरा कुचबंदिया निवासी गोसलपुर जिला जबलपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की मोटरसाइकिल को अपने गांव के पास स्थित केवलारी खेरमाई खदान के पानी में फेंकना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने खदान के पानी से मोटरसाइकिल बरामद कर जप्त की तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुदेश कुमार, उपनिरीक्षक काशीराम झारिया, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, लखन पटेल, आरक्षक दीपक यादव, विशाल शिवहरे, रजनीश टेकाम तथा साइबर सेल के आरक्षक अजय साकेत एवं अमित श्रीपाल की भूमिका रही।

## बरसात के मौसम शुरू होते ही महंगाई का दिखने लगा असर

# टमाटर, आलू सहित हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

थाली की शोभा बढाने वाली सब्जियों का स्वाद महंगा हो गया है। बाजार में एक-दो सब्जी ही नहीं बल्कि अधिकांश सब्जियों के दाम बढे हुए हैं। फुटकर बाजार में लौकी, भिंडी, हरी मिर्ची, पालक, टमाटर, करेला सहित अन्य सब्जियों की कीमतें काफी बढ़ गई है। महीने भर पूर्व 10 रूपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 40 से 50 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश के मौसम में हर वर्ष सब्जियों के भाव बढते हैं। हरी सब्जियों के भाव 50 से 60 रूपए किलो हो गये है। आलू टमाटर के दामों की वृद्धि लोगों के जेंबों पर भारी पड़ रही है। दूसरी तरफ फुटकर व्यापारियों का कहना है कि थोक में उन्हे सब्जी मंहगी मिल रही है इस



लिए उन्हे मंहगा सामान बेंचना पड रहा है।

बारिश मे कम ही सब्जियों की पैदावार होती है जबकि खपत उतनी ही बनी रहती है। कुछ सब्जी जैसे शिमला मिर्च, बरबटी, करेला, गिलकी के दाम भी 40 से 60 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। लोकी, तोरई, करेला, बैगन आदि सब्जियो की आवक कम होने से इनके दाम बढ़े हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो अभी एक यही स्थिति रहेगी।

महंगी हरी सब्जियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले एक महीने में सब्जियों के दाम दोगुना तक पहुंच गए हैं। सब्जी मंडी में थोक के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का असर फुटकर बाजार में पड़ा है। विक्रेता लगभग दोगुनी कीमत में इनको बाजारों में बेच रहे हैं। हरी सब्जियों में महंगाई का तड़का लगने से सबसे ज्यादा गरीब वर्ग परेशान है। सब्जियों के भाव सुनकर खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। किलो की जगह पाव भर से काम चल रहा है।

### स्थानीय आवक हुई कम

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। सब्जियों की आवक कम हो जाती है। एक पखवाड़े में सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है जो सब्जियां अन्य राज्यों से आती है, उनके दाम ज्यादा बढ़े हैं। स्थानीय स्तर पर आवक नहीं होने व बाहर से आने वाली हरी सब्जियां के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है।

## मोहर्रम पर्व की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के साथ मदन मोहन चौबे वार्ड एवं गाटरघाट स्थित कर्बला शरीफ पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि मोहर्रम पर्व नगर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को



स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष साफ-सफाई अभियान,पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, सुगम आवागमन,निर्बाध विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।उन्होंने अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे मोहर्रम पर्व पूरी श्रद्धा, आस्था, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, बीना बैनर्जी,सुरेंद्र गुप्ता साहित निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सिलौंडी महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की हुई बैठक

**सिलौंडी।** सिलौंडी शासकीय महाविद्यालय की जनभागदीरी समिती की बैठक हुई ।जिसमें महाविद्यालय हेतु आवश्यक सामग्री की खरीदी हेतु सांसद निधि और विधायक निधि से राशि की मांग किया गया ।महाविद्यालय में कंप्यूटर कार्य हेतु एक आपरेटर ,सुरक्षा हेतु एक चौकीदार और साफ सफाई एक स्वीपर नियुक्त करने हेतु प्रशासन से मांग किया गया ।छात्र छात्राओं हेतु स्वच्छ पानी हेतु एक वॉटर फ्रिज की आवश्यकता का प्रस्ताव दिया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि के रूप में सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सांसद प्रतिनिधि के रूप विपिन ठाकुर , प्राचार्य प्रभारी रतिराम अहिरवार,डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद बागरी , डॉक्टर पंकज मिश्रा , डॉक्टर सुदीपा जाना ,डॉक्टर हेमंत चौरसिया ,डॉक्टर सुनील वाजपेई की मौजूदगी रही ।

### रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

**कटनी।** जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार गुरुवार, 25 जून को रोशन नगर, एन.के.जे. स्थित शासकीय आईटीआई, कटनी में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक "युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला" का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार, स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप से जुड़े विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, जिससे इच्छुक युवक-युवतियां स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने हेतु प्रेरित हो सकें। मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, कटनी से संपर्क कर सकते हैं।

### राज्यपाल ने कलेक्टर को किया सम्मानित

**कटनी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि संग्रह में लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कलेक्टर आशीष तिवारी को सम्मानित किया है। राज्यपाल द्वारा प्रदत्त ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र बुधवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा कलेक्टर को औपचारिक रूप से भेंट किया गया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024-25 के लिए राज्य शासन ने कटनी को 7 लाख 49 हजार रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया था। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने इस लक्ष्य पार करते हुए कुल 7 लाख 74 हजार 191 रुपये की धनराशि संग्रहित की। जिले की इस उपलब्धि के लिए राज्यपाल ने कलेक्टर को सम्मानित कर सराहना की है।

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। यह कार्रवाई अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान नदीपार पानी टंकी के पास विजयराघवगढ़ रोड पर एक ट्रैक्टर रेत परिवहन करते हुए संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस द्वारा वाहन रोककर जांच की गई तो चालक दिनेश केवट 20 वर्ष निवासी ग्राम गुड़ेहा रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।वाहन चालक के विरुद्ध धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई हेतु प्रकरण खनिज शाखा कटनी भेज दिया गया है।

---

**साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को रोकने 15 दिनी जागरूकता अभियान**

# जालसाजों के झांसों से बचाने के लिये गांव गांव जाकर नागरिकों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

साइबर जालसाजों के जाल में फंसकर ठगी का शिकार होने की घटनाओं से लोगों को बचाने के लिये पुलिस द्वारा जागरूकता के लिये नवाचार किया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने 'साइबर सुरक्षा जनजागरूकता वाहन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल रूप से साक्षर और सतर्क बनाना है।

पुलिस विभाग द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान आगामी 15 दिनों तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। यह विशेष वाहन जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी पहुंचेगा। लाउडस्पीकर, पोस्टरों और बैनरों से लैस यह वाहन लोगों को साइबर अपराधियों के नए-नए हथकंडों के प्रति आगाह करेगा।





### विशेष टीमें स्कूल-कॉलेजों और पंचायतों में देंगी ट्रेनिंग

अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीमें विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगी। इस दौरान निम्नलिखित स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल और कॉलेजों में युवाओं को सोशल मीडिया सेफ्टी की जानकारी दी जाएगी। ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों और ग्रामीणों को बैंकिंग फ्रॉड के प्रति सचेत किया जाएगा। सार्वजनिक स्थल हाट-बाजारों, बस स्टैंडों और प्रमुख चौराहों पर आमजन को जागरूक किया जाएगा।

### विभिन्न प्रकार के चल रहे साइबर फ्राड की देंगे जानकारी

पुलिस टीमें नागरिकों को वर्तमान में चल रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से बताएंगी, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक्स, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, बैंकिंग फ्रॉड और मोबाइल ऐप से जुड़ी ठगी की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जायगा।

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा अपने हाथ में रखें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता संख्या, यूपीआई पिन या अपने निजी दस्तावेज साझा न करें। अज्ञात स्त्रोतों या अनधिकृत लिंक से कोई भी मोबाइल ऐप डाउनलोड न करें।

### तत्काल दर्ज कराएं शिकायत

यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या संदिग्ध गतिविधि का शिकार होता है, तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।वाहन रवानगी के इस विशेष अवसर पर पुलिस विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। कटनी पुलिस ने उम्मीद जताई है कि जनता के सहयोग से इस अभियान के माध्यम से ऑनलाइन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

---



# शराब दुकान हटाने की मांग, आंदोलन की दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

कैमोर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 'महिला मार्केट' में संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए लंबे समय से आंदोलनरत और प्रयासरत स्थानीय नागरिकों का सब्र अब जवाब देने लगा है। प्रशासन की अनदेखी से नाराज नागरिकों ने अब उपखंड मजिस्ट्रेट (एसडीएम) विजयराघवगढ़ के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय नागरिकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, इस गंभीर समस्या को लेकर वे पहले भी कई बार आवाज़ उठा चुके हैं। नागरिकों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मुख्य सचिव (मप्र) को ई-मेल के जरिए, और जिला कलेक्टर कटनी को व्यक्तिगत रूप से शिकायत सौंपकर समस्या से अवगत कराया था। इस मामले में राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा भी मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रकरण अग्रेषित किया जा चुका है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है और धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में नागरिकों ने साफ तौर पर कहा है कि महिला व्यापारिक क्षेत्र (महिला मार्केट) जैसे संवेदनशील स्थान पर शराब दुकान का संचालन पूरी तरह से अनुचित है।

नागरिकों ने राष्ट्रपति से विनम्र निवेदन किया है कि जनहित, महिला सुरक्षा और उनके सम्मान को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग और राज्य प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किए जाएं। नागरिकों का कहना है कि यदि इस बार भी उनकी जायज मांग को अनसुना किया गया और शराब दुकान को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

---

**आपात परिस्थितियों से निपटने आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश**

# संवेदनशील एवं जलभराव क्षेत्रों की करें विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलभराव की समस्या को रोकने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की बुधवार को आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर के निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा नगर के विभिन्न चिन्हित स्थानों एवं नगर के विभिन्न वार्डो में संभावित जलभराव क्षेत्रों में की गई कार्यवाहियों, नाला-नाली सफाई, जल निकासी व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षकों से उनके वार्ड के नाले एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराते हुए संवेदनशील एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएं।

निगमायुक्त ने जल निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही करने, नाला सफाई उपरांत मलबे को शीघ्र उठाने, मुख्य मार्ग के जल भराव वाले मार्ग में मुख्य मार्ग एवं नाली के बीच चैनल बनाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही बंधवा टोला, कुम्हार मोहल्ला, झिंझरी, अर्जुन पैलेस के पीछे, सागर पुलिया, जैन कॉलोनी राणा होटल के पास का नाला, गांधी गंज स्थित नारायण दाल मिल के पास का नाले से समुचित जल निकासी की व्यवस्था कराने के नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खुले एवं खतरनाक नालों को ढकने, वार्ड के गड्ढों की फिलिंग कराने के साथ ही बाजार क्षेत्रों की नालियों से सुगम जल निकासी हेतु समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही वर्षा के दौरान किसी भी तरह की आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक मशीनरी, टुल्लू पंप, विद्युत कनेक्शन, वाहन एवं कर्मचारियों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

---

**औचक निरीक्षण में दो प्रतिष्ठानों में मिली सुरक्षा संबंधी कमियां**



नागरिकों की सुरक्षा एवं संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की सघन जांच की जा रही है। आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम के फायर सेफ्टी दल के उपयंत्री हिमांशु गौतम, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह द्वारा विगत दिवस नगर के विभिन्न होटलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन व्यवस्थाओं एवं आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित राहुल पैलेस तथा सुभाष चौक स्थित देश भंडार स्वीट्स में फायर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं एवं दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ आवश्यक कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालकों को दस्तावेजी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप फायर सेफ्टी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय अवधि के पश्चात पुन: निरीक्षण किया जाएगा। यदि कमियों का निराकरण नहीं पाया गया तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

---

# मोहर्रम पर्व पर कल निकलेगा जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। मोहर्रम पर्व पर निकाले जाने वाले ताजियां व सवारी जूलूस को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मिशन चौक स्थित दिलावर चौक से लेकर सुभाष चौक तक पूरे जूलूस मार्ग पर आकर्षक व मनोहारी विघुत साज-सज्जा की गई है। आजाद चौक व मिशन चौक से लेकर सुभाष चौक तक रंगनी विद्युत साज सज्जा की गई है। ताजिया निर्माण में लोग व्यस्त हैं। तजिया जुलूस व प्रदर्शन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार की रात शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में अली गोल का जुलूस निकाला गया। आज 25 जून को शहीदी रात रहेगी और इसके बाद 26 जून को शहर में मोहर्रम का जूलूस पारंपरिक रूप से निकाला जाएगा।

अंजूमन इस्लामिया कमेटी के मुताबिक इस बार मोहर्रम के जूलूस में लगभग आधा सैकड़ा ताजिया व एक सैकड़ा के लगभग सवारियां शामिल होंगी। मोहर्रम की 8 तारीख को शाम 6 बजे सभी मोहल्लों से अली गोल उठा और दिलावर चौक में एकत्रित हुआ। दिलावर चौक से जूलूस शुरू होकर नगर निगम, सुभाष चौक, अल्फर्ट गंज, मधई मंदिर, मेनरोड, झन्डा बाजार, रूई मंडी, गांधी द्वार, कोतवाली तिराहा होता हुआ दिलावर चौक में आकर समाप्त हुआ।

आज 25 जून को मोहर्रम की 9 तारीख को शहादत की रात रहेगी जिसमें रात्रि 1 बजे से रात्रि 1:30 बजे के बीच समस्त ताजिये सवारी व अखाड़े ढोल दिलावर चौक में एकत्रित होकर यासीन रजा चौक, मौला चौक, नगर निगम के सामने से होता हुआ कमानिया गेट जायेगा। वहां सवारियां सुभाष वार्ड के मोहल्ले में जायेगी वहां मधई मंदिर से होते हुये कमानिया गेट पहुंचेगी। खिरहनी फाटक का ताजिया भी कमानिया गेट पहुंचेगा, लगभग दो घंटे मजमा स्व. गुलाम भाई की दुकान के सामने रूकेगा। इसके बाद सुभाष चौक व कोतवाली तिराहा होते हुए दिलावर चौक में जुलूस का समापन होगा। 26 जून को मोहर्रम की 10 तारीख रहेगी और शहर में मोहर्रम का जूलूस निकाला जाएगा। शाम 7 बजे से 8 बजे तक दिलावर चौक में सवारिया, अखाड़े व ताजियों का जमावड़ा होगा। यहां से मोहर्रम का विशाल जूलूस शुरू होगा। जुलूस दिलावर चौक से शुरू होकर नगर निगम के सामने, कोतवाली तिराहा, सुभाष चौक होते हुए मेन रोड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पहले आकर रूक आएगा। यहां लगभग 2-3 घंटे जुलूस रूक कर फिर इसी मार्ग से वापस होगा और फिर देररात कर्बला में जूलूस का समापन होगा।

---

**स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने एवं आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश**

# सीईओ ने विद्यालयों और अपूर्ण आवासों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी का सिलसिला जारी है। बुधवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने शिक्षा की गुणवत्ता परखने शासकीय प्राथमिक शाला सनकुई और प्राथमिक शिक्षा गारंटी शाला का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। श्री कोरी ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की अनुपस्थिति और मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई। कुछ विषयों की पुस्तकें नहीं आना बताया गया। सीईओ श्री कोरी ने विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने पालकों से सतत संपर्क करने निर्देशित किया गया।



उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण, गर्मागर्म स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान हैंडपंप खराब होने के कारण मरम्मत कराए जाने योग्य है, इस संबंध में जानकारी दी गई।

### खाम्हा में घर घर जाकर हितग्राहियों से संवाद

सीईओ श्री कोरी ने ग्राम पंचायत खाम्हा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से घर घर जाकर और समूह में संवाद किया। उन्होंने कुल 62 में से शेष 31 अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से शीघ्र आवास पूर्ण कराने हेतु समझाइश दी। उन्होंने राजकुमार, सुनीता बाई, सचिन कोल, बलराम एवं अन्य हितग्राहियों से आवास अभी तक पूर्ण नहीं होने के संबंध में कारणों की जानकारी ली। आवास प्लस 2.0 में शेष 101 हितग्राही में से दुर्गा राजमणि, आरती, राधा, अंजनी, वंदना एवं अन्य का पुनःसत्यापन किया गया।

इस दौरान पीएम आवास (ग्रामीण) के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अभिषेक भार्गव, गणेश मेहरा, कृष्ण कुमार लोधी, सुशील चौधरी,अंजू कोल ,अजय कुमार पटेल, भुवनेश्वर बर्मन आदि मौजूद रहे।

---

**नशामुक्त अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन**

# स्वयं नशे से दूर रहे एवं परिवार और समाज को भी करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में नशामुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान थीम पर आधारित विभिन्न साप्ताहिक जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, लघु फिल्म प्रदर्शन एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई एवं नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान थीम तथा अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में 17 जून से 26 जून तक आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है, जिससे कि स्वस्थ, जागरूक और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही समाज में बढ़ती मद्यपान और नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों और समाज को अवगत कराना है। नशे के कारण न सिर्फ धनहानि होती हैं, बल्कि परिवार भी टूटते हैं। इसलिए हमें खुद भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नशा मुक्त समाज ही आदर्श समाज होता है।

अगले चरण में प्रेरक लघु फिल्म के प्रदर्शन द्वारा समाज में नशे से ग्रस्त कोई भी व्यक्ति यदि नशे की आदत से छुटकारा पाना चाहता है तो वह अपने आस-पास या जिला मे स्थापित नशा मुक्ति केंद्र में संपर्क कर सकता है और संवाद या इलाज के माध्यम से नशे से छुटकारा पा सकते है साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी द्वारा नशे के दुष्प्रभावाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के मद्यपान से होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया गया। नशा नाश का कारण होता है इसलिए कभी भी समाज के युवाओं को नशे की ओर नहीं भटकना चाहिए क्योंकि जो एक बार नशे की गिरफ्त में आ जाता है उससे आसानी से उबर नहीं सकता है। साथ ही उपस्थित अन्य विशेषज्ञों ने नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया एवं नशे की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी द्वारा रा. से. यो. स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ के सदस्यों को मद्यपान निषेध की शपथ दिलाकर सभी से नशामुक्त समाज बनाने मे अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान युवाओं और समाज के मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14446 एवं 1933 की जानकारी भी साझा की गई।

---

# कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुहर्रम पर्व के त्यौहार को शांति, सद्भाव और निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने व कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर तहसील विजयराघवगढ़ व बरही में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सभी पटवारियों को अपने-अपने मुख्यालय में उपस्थित रहते हुये त्यौहार से जुड़ी सभी गतिविधियों पर नजर रखने और संबंधित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं।

जारी आदेश के अनुसार तहसील विजयराघवगढ़ अंतर्गत वृत्त विजयराघवगढ़ एवं कारीतलाई के सभी गांवों की जिम्मेदारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मनीष शुक्ला को सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए राजस्व निरीक्षक बालकिशन ठाकुर सहित लक्ष्मीकान्त दाहिया, शिवप्रकाश तिवारी, मुनेन्द्र मिश्रा, अतुल तिवारी और अनवर अफरीदी जैसे कई पटवारियों की टीम तैनात रहेगी। वहीं बरही तहसील एवं पिपरियाकलॉ वृत्त की कमान बरही तहसीलदार व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आदित्यप्रकाश द्विवेदी संभालेंगे। उनके सहयोग में राजस्व निरीक्षक गौरव विश्वकर्मा और संजय राठौर, रमाकान्त चतुर्वेदी सहित अन्य पटवारी मुस्तैद रहेंगे।

वृत्त सिनगौडी एवं देवराकला में नायब तहसीलदार व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र श्रीवास्तव और राजस्व निरीक्षक जानकी पटेल और प्रभारी राजस्व निरीक्षक भगवन्त सिंह को तैनात किया गया है। उबरा वृत्त तहसील विजयराघवगढ़ के सभी गांवों की सुरक्षा व्यवस्था नायब तहसीलदार नरेन्द्र खरे की निगरानी में रहेगी।

**खास बातें**

## मोहनी हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद, 15 हजार रुपये का जुर्माना

**छतरपुर।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश छतरपुर श्री आशीष श्रीवास्तव ने बहुचर्चित मोहनी हत्याकांड में आरोपी गोवर्धन पटेल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103(1) एवं 115(2) के तहत दोषी पाया। अभियोजन के अनुसार 10 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 5:15 बजे 8 वर्षीय मोहनी, हर्ष और युवराज अद्र्धकुंवारी माता मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम देवकुलिया निवासी आरोपी गोवर्धन पटेल ने मोहनी को यह कहते हुए पकड़ लिया कि वह उसे अधिक चिढ़ाती है और उसे पैर से पकड़कर पानी से भरे कुएं में सिर के बल फेंक दिया। घटना के बाद आरोपी ने कुएं की मुंडेर से ईंट निकालकर मोहनी पर फेंकी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना को देखकर साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी।परिजन और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे तथा मोहनी को कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से मृतिका की चांदी की पायल बरामद की गई तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक न होने और घटना अचानक आवेश में होने का तर्क रखा, जबकि अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता पंकज पाठक ने आरोपी को कठोर दंड देने की मांग की।

## आवेदन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 30 जून

**दमोह।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दमोह में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक आवेदन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि आईटीआई में तकनीकी एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करें। अधिक जानकारी हेतु जिले किसी भी नजदीकी शासकीय आईटीआई, में संपर्क किया जा सकता है।

### बारिश बढ़ते ही सागर-जबलपुर संपर्क टूटने की आशंका, ग्रामीणों में आक्रोश

# झापन घाट पुल पर मंडराया आवागमन संकट, एक वर्ष बाद भी नहीं बना डायवर्सन

**बारिश के बाद हो पाएगा काम शुरू एमपीआरडीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन



नेशनल हाईवे क्रमांक-21 स्थित झापन घाट पुल क्षेत्र में एक बार फिर आवागमन संकट गहराने लगा है। पिछले वर्ष जुलाई में अत्यधिक पानी गिरने के कारण इस पुल का स्लेप बह गया था क्षेत्र में हो रही बारिश के बीच स्थानीय लोगों को आशंका है कि यदि आगामी दिनों में तेज वर्षा हुई तो यह मार्ग पूरी तरह बंद हो सकता है। इससे सागर-जबलपुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने के साथ ही आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि पूर्व में झापन घाट का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण यह मार्ग लंबे समय तक बाधित रहा था। उस दौरान लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। वर्तमान में भी स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में लोग जोखिम उठाकर मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों मुकेश जैन अशोक कुमार का कहना है कि कई वाहन चालक समय और दूरी बचाने के लिए खतरे के बावजूद इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार झलोन, तेंदूखेड़ा, सागर और जबलपुर को जोड़ने वाला यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि बारिश के कारण मार्ग बंद होता है तो यात्रियों को लगभग 20 से 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। वर्तमान में सागर-जबलपुर एवं झलोन क्षेत्र की दूरी लगभग 105 किलोमीटर है, लेकिन मार्ग बाधित होने पर यह दूरी और बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर दैनिक यात्रियों, व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों तथा आपातकालीन सेवाओं पर पड़ेगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगभग एक वर्ष पूर्व एमपीआरडीसी के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बारिश से पहले करीब 4.30 करोड़ रुपये की लागत से डायवर्सन एवं वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। उस समय तत्कालीन कलेक्टर सुधीर कोचर ने भी बारिश से पहले आवश्यक कार्य पूर्ण कराने की बात कही थी। हालांकि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद मौके पर कोई ठोस निर्माण कार्य नहीं हुआ है। अब जबकि मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है, क्षेत्रवासियों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों राम बिहारी राम रतन सिंह का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो लगभग आगामी 6 छह माह तक क्षेत्र के लोगों को आवागमन संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बसों और अन्य यात्री वाहनों को लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक भार दोनों बढ़ेंगे। इनका कहना - एमपीआरडीसी सागर मुकुल चौरसिया का कहना है कि टेंडर ओपन हो गए थे अनुबंध की प्रक्रिया चल रही है चूंकि बारिश का समय आ चुका है इसलिए काम होना संभव नहीं है बारिश के बाद ही काम शुरू हो पाएगा।

# आज रात्रि सभी ताजिया शहर गश्त कर कदीमी मकानों पर रखे जायेंगे



**हिण्डोरिया।** हजरत इमाम हुसैन रजि.अल्लाह ताअला अन्हू एवं शहीदाने कर्बला वालों की याद में पूरे विश्व मे मुस्लिम भाईयों व्दारा मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व की तैयारी को नगर हिण्डोरिया में अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज 25 जून 2026 दिन बृहस्पतिवार की रात्रि मे सभी ताजिया- जहूरा शहर गश्त कर अपने-अपने कदीमी मकानों पर रखे जाएंगे। 26 जून 2026 दिन शुक्रवार की रात्री मे ताजिया-अखाड़ा जुलूस शहर गश्त करेगा। एवं सभी ताजिया- जहूरा जमादार तालाब मे विसर्जित होंगे। नगर मुहर्रम इंतजामियां कमेटी के सदर मुहम्मद शमीम उर्फ सामी एवं तकियादार कलीम शाह ने बताया कि नगर में सभी ताजियों, जहूरों के निर्माण के काम को कलाकारों व्दारा अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस्लामी झण्डों , वैनरों से सभी मुस्लिम बार्डों को मकानों दुकानों को सजाया गया है। प्रतिदिन रात्रि में मजलिसे पाक का अलग-अलग मुस्लिम वार्डों में, घरों में आयोजन किया जा रहा है। हाफिजों, उलेमाओं व्दारा मजलिसे पाक मे रोज शहीदाने करबला वालों की यादगार एवं अजीमुश्शान कुरबानी की दास्ताने एवं वाकिये पेश किये जा रहे हैं। नगर मुहर्रम इंतजामियां कमेटी ने सभी से मुहर्रम पर्व बडे.अदब- ऐहतेराम के साथ मनाने की गुजारिश की है।

## सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दमोह।** साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार बुधवार को दमोह जिले में राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक पूरे मध्यप्रदेश में चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों की रोकथाम तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट, ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना एवं अनुभाग स्तर पर स्कूल-कॉलेजों में कार्यशालाएं, साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, साइबर बुलिंग एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, बाल सुरक्षा एवं ऑनलाइन गेमिंग के जोखिमों पर चर्चा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में चौपाल, नुक्कड़ नाटक, साइबर सुरक्षा रैलियां, बाजारों, पेट्रोल पंपों और दुकानों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। क्यूआर कोड स्कैनिंग, ऑनलाइन भुगतान सुरक्षा, मोबाइल चोरी की रिपोर्टिंग, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा अन्य डिजिटल सुरक्षा सेवाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी जाएगी। अभियान के दौरान जिला मुख्यालय में मैराथन, प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सूबेदार अभिनव साहू, प्रभारी रक्षित निरीक्षक, सूबेदार आकांक्षा जोशी सहित साइबर सेल के अभिषेक पटेल, सौरभ टंडन, अभिषेक कोष्टी, मयंक दुबे, रोहित राजपूत, मनोहर कुर्मी, शुभम नामदेव एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ कर मनाया गायत्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



गायत्री शक्तिपीठ में प्रथम दिवस मनमोहन सत्संग कक्ष में सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री जप परिजनों द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस बुधवार को प्रातः 8:00 बजे से 12:00 तक दो पारियों में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में परिजनों ने आहुतियां दी। यज्ञाचार्य डॉ सीएल नेमा ने युगऋषि के महाप्रयाण दिवस पर गायत्री महामंत्र की महिमा का बखान करते हुए अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने गायत्री की 24 महाशक्तियों की विशेष मंत्रों से आहुतियां दी गयी। गायत्री जयंती को श्रद्धा सुमन चढ़ाने का पर्व एवं संकल्पित होने का पर्व बताते हुए ज्ञान की गंगा का पर्व बताया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के द्वारा प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा स्मारकों का विशेष पूजन किया गया। यज्ञ के दौरान हरिनारायण नेमा, राजनंदनी राजपूत, श्रीजी नेमा का जन्म दिवस संस्कार, प्रज्ञा दुबे का नामकरण संस्कार, एवं दो मुंडन संस्कार भी हुये। महेश राजपूत सेवानिवृत्त इंजी की नातिन काशवी राजपूत के जन्म दिवस पर 11 पौधों को गमला सहित शक्तिपीठ को प्रदान किये। संगीत की टोली में ब्रज लाल पटेल एवं एमपी बाथरे द्वारा प्रज्ञागीत की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में गंगाराम पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष,रतन अग्रवाल,मनमोहन विश्वकर्मा,रमेश श्रीवास्तव, पं रामकिशोर दुबे जगदीश बरसैया आदि परिजनों का सहयोग रहा।इस अवसर पर प्रज्ञा मंडल खेजरा मानपुर एवं हिनौती उदेशा से बड़ी संख्या में परिजनों की उपस्थिति रही प्रसाद भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सहायक प्रबंधक हरिनारायण चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जबेरा में अवैध शराब की खेप पकड़ाई,आरोपी मौके से फरार

**जबेरा।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसके बावजूद भी क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3:00 बजे थाना जबेरा क्षेत्र के अंतर्गत नहर के समीप स्थानीय युवाओं की सतर्कता से अवैध शराब के परिवहन का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक संदिग्ध टीवीएस जुपिटर क्रमांक (एमपी 20 XB. 9598) पर एक व्यक्ति बैग एवं थैले में बड़ी मात्रा में शराब लेकर जा रहा था स्थानीय युवाओं ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह वाहन छोड़कर के मौके से फरार हो गया लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई घटना की सूचना मिलते ही जबेरा पुलिस मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल ,शराब से भरा थैला, एवं बैग ,साथ ही एक मोबाइल फोन जप्त किया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र की समीप बरती जबलपुर जिले की ओर लंबे समय से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है वहीं कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि इस अवैध परिवहन का संबंध एक लाइसेंस धारी ठेकेदार समूह भायल ग्रुप एंड कंपनी से हो सकता है। हालांकि इस संबंध में पुलिस या आबकारी विभाग की ओर से किसी भी व्यक्ति या संस्था की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि जप्त सामग्री के आधार पर मामले की जांच जारी है और आरोपी की पहचान कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस



**जबेरा।** बुधवार दिनांक 24 जून 2026 को भगवती मानव कल्याण संगठन की नेतृत्व में वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के शुभ अवसर पर सिं ग्रामपुर स्थित रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा पर भगवती मानव कल्याण संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।माल्यार्पण किया रानी को याद करते हुए उनके महान पराक्रम बलिदान उसे सभी ने शत-शत नमन किया एवं कहा कि आज उनके पद चिन्ह पर चलने की आवश्यकता है आज आवश्यकता है हमें समाज के लिए उनकी प्रेरणा को प्राप्त करते हुए नशा मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की एवं राष्ट्र रक्षक धर्म रक्षा मानवता की सेवा के लिए आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग-मार्च



**हटा।** त्योहारों पर नगर में शांति व्यवस्था बनाने हेतु बुधवार शाम पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी की उपस्थिति में हटा सहित अनुविभाग के पुलिस बल द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर फ्लैग-मार्च निकाला गया। फ्लैग-मार्च के पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस थाना परिसर में अनुविभाग के थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए गए इसके उपरांत मंदिर-मस्जिद चौराहा, राय चौराहा, नायक तिगडडा, श्री शिवशक्ति मंदिर से खचना नाका, मदार छल्ला होते हुए पुलिस थाना परिसर में समापन हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नगर के लोगों से आगामी मोहर्रम पर्व एकता सद्भावना भाईचारे के साथ मनाने एवं नगर में चल रहे धार्मिक आयोजन पर शांति-व्यवस्था बनाए जाने एवं पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। फ्लैग-मार्च में एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी हटा थानाप्रभारी सुधीर बेगी, पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, रजपुरा थाना प्रभारी शिलास विनीत सहित पुलिस बल तैनात रहा।

## शराब माफियाओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़

बटियागढ थाना क्षेत्र में बीती भगवती मानव कल्याण संगठन सदस्यों ने 03 पेटी शराब पकड़कर पुलिस को सूचना दी थी पुलिस पहुंचने से पहले 25 से 30 शराब माफिया 04 फोर व्हीलर वाहन से पहुंच गए और संगठन के कार्यकताओं के साथ मारपीट कर दी पुलिस पहुंचते ही शराब माफिया आरोपियों को अपने साथ ले गए और वाहन भी झटक लें गए संगठन सदस्यों ने पुलिस को बताया आरोपियों सहित संगठन सदस्यों पर हमला करने वालों पर गाड़ी में तोड़ फोड़ की माफियाओं पर कार्रवाई की जाएं। पुलिस की थाना पहुंचते ही थाना परिसर में एक आरोपी के ऊपर केस दर्ज किया गया जबकि दो आरोपी 03 पेटी अवैध शराब सप्लाई करतें संगठन सदस्यों ने पकड़वाया था। साफ़ साफ़ समझ में आ रहा कि पुलिस की मिलीभगत थाना क्षेत्र में अबैध शराब कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। संगठन के कार्यकर्ता करन सिंह वृदावन सिंह सूरती सेन बिहारी सिंह ने बताया शराब की तस्करी नीरज पटेल एवं उसका साथी के द्वारा अवैध शराब सप्लाई की जा रही थी मौके पर संगठन के कार्यकताओं ने 03 पेटी शराब के साथ पकड़ा मगर शराब माफियाओं की गुंडा गर्दी के चलते आरोपी और वाहन झकट लें गए पुलिस दर्शक बनी रह गई । संगठन के कार्यकर्ता करन सिंह लोधी ने बताया हमारी एक मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की है और हाथ में बड़ी चोट आई है मगर पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई सिर्फ एक शराब तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। संगठन के कार्यकर्ता करन सिंह लोधी ने बताया हमला करने वालों में अजय मिश्रा मामू राय नीरज पटेल आकाश आदिवासी बल्लू लोधी सचिन राठोर प्रदीप दीपक श्रीराम सोनू पहाड़ सींग राजकुमार सहित अन्य लोग थे मगर पुलिस द्वारा सिर्फ एक व्यक्ति पर ही एफआईआर दर्ज जिससे साबित होता है कि पुलिस शराब माफियाओं की मिलीभगत से कारोबार चल रहा है । थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बताया कि एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई पुलिस पहुंची जब तक तस्कर भाग गए थे मौके पर कोई नहीं मिला।

## सिंग्रामपुर उपकेंद्र का औचक निरीक्षण

**सिंग्रामपुर।** दिनांक 24 जून 2026 को रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में अधीक्षण अभियंता महोदय एवं कार्यपालन अभियंता उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल के सभा पंडाल में विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिंग्रामपुर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पटना आउटगोइंग बे के 33 केवी वीसीबी (**VCB**) का कार्य अपूर्ण पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही उपकेंद्र परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने फोन कॉलिंग रजिस्टर एवं वीआईपी रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति की जांच की। विभिन्न कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निरीक्षण में बताए गए सभी बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## केंद्रीय विद्यालय में अवलोकन हेतु संविधान की मूल प्रति की गई संरक्षित



**हटा।** केंद्रीय विद्यालय हटा में केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं भारत सरकार के द्वारा भारत के संविधान की मूल प्रति (पुनर्मुद्रित) कर उपलब्ध करवाई गई है। बुधवार को विद्यालय में प्रार्थना सभा के प्रभारी सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने प्रार्थना सभा में संविधान की प्रति के बारे जानकारी दी। तत्पश्चात पुस्तकालय-अध्यक्ष आनंद कुसमरिया ने संविधान की प्रस्तावना, लोकतंत्र, गणतंत्र,मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा संविधान सभा के बारे में विस्तृत वक्तव्य दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने संविधान की प्रति का अवलोकन व अध्ययन करने हेतु विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरित किया। केंद्रीय विद्यालय की प्रार्थना सभा में उपरोक्त प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के अवलोकन हेतु प्रार्थना सभा के पटल पर रखी गई।

# गायत्री जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रातः 6 बजे से ही गायत्री महामंत्र के मौन मानसिक अखंड जप प्रारंभ हो गया,जो शाम 6 बजे तक चलता रहा।इस जप में 72 भाई बहिनों ने अपनी भागीदारी निभाई। प्रातः 7 बजे से होने वाले दैनिक गायत्री यज्ञ के साथ ही परिव्राजक जी पंडित वीरेंद्र गर्ग ने गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के महत्व पर प्रकाश डाला और पंडित श्रीराम शर्माजी आचार्य जी द्वारा आज ही के दिन घोषणा पूर्वक अपना शरीर छोड़ा था वह दिन 2 जून 1990 का था, यह बताते हुए उनके अवतारी चेतना होने की बात कही,जो विचार क्रांति के लिए आए थे।

शाम को 501 दीपो से सुसज्जित वेदी के माध्यम से दीप यज्ञ किया गया। दीप यज्ञ कराते हुए पंडित बी पी गर्ग द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि भारतीय संस्कृति की जो पंच गगार गायत्री, गंगा,गीता गुरु और गाय है उनकी व्याख्या में निष्कर्ष के रूप में गायत्री ही आती है। कई पीढ़ियों के तप करने के बाद राजा भगीरथ के तप को श्रेय मिला और देखा जाए तो गंगा अवतरण केवल राजा सगर के साठ हजार पुत्रों के उद्धार के लिए हुआ था किन्तु आज भी वह करोड़ो,अरबो जीवो के उद्धार और जीवन यापन का साधन है,उसी प्रकार गायत्री तो आदि शक्ति है ही, परंतु हर युग में जो भी अवतारी चेतना आती है वह गायत्री जप और उनकी शक्ति से ही अवतार का प्रयोजन पूरा करती है।

कलयुग में गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्यजी ने गायत्री के 24 महापुरश्चरण 27 वर्षों में किए, बीच के तीन वर्ष स्वतंत्रता संग्राम में जेल जाने से अतिरिक्त लगे। उन्होंने ही गायत्री और यज्ञ को सभी प्रतिबंधों से मुक्त करके जन सामान्य को इसका अधिकार दिया ।इतना ही नहीं 3000 से ज्यादा विषयों पर विश्व स्तरीय प्रामाणिक साहित्य श्रृजन किया और दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन गायत्री परिवार के नाम से संगठित किया जिसके आज वर्तमान में, देश विदेश में 18 करोड़ से अधिक सदस्य है।

इसलिए गायत्री परिजन गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने गायत्री जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान करते है। जिले भर के प्रज्ञा संस्थानों में भी अखंड जप, पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के सामूहिक आयोजन संपन्न हुए। गुरुदेव ने अखंड ज्योति नामक मासिक पत्रिका के जून 1990 के अंक में ही गायत्री जयंती के दिन ही अपने महाप्रयाण की सार्वजनिक घोषणा कर दी थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिजन और प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक पंकज हर्ष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शांतिपाठ के पश्चात प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## लोक कला के प्रहरी भगवत पटेल नहीं रहे, 75 वर्ष की आयु में निधन

**बनवार।** ग्राम बनवार के वरिष्ठ समाजसेवी एवं लोक कला-संस्कृति के संवाहक भगवत पटेल का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



भगवत पटेल को लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता था। वे वर्षों से गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में आयोजित धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। मंच संचालन से लेकर आयोजन तक हर क्षेत्र में उनकी सहभागिता उल्लेखनीय रही। गांव की रामलीला, नाटक-नौटंकी, नवरात्रि, गणेशोत्सव जैसे विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में उनका विशेष योगदान रहता था। वे ढोलक सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों के कुशल वादक भी थे, जिससे आयोजनों में जीवंतता बनी रहती थी। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने अपना पूरा जीवन लोक संस्कृति को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में समर्पित कर दिया।

# अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के साहस, शौर्य पराक्रम को किया नमन

**तेंदूखेड़ा**, गढ़ा गोंडवाना रानी अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस का कार्यक्रम ग्राम डहरा बमनोदा मैं आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम रानी दुर्गावती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं द्वारा अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन पर



प्रकाश डालते हुए जनमानस को उनके साहस, शौर्य से अवगत कराया रानी दुर्गावती का व्यक्तित्व ,साहस स्वाभिमान आत्मनिर्भरता और राष्ट्र रक्षा की अद्वितीय आदर्शों से परिपूर्ण था जो आज भी नई पीढ़ियों को प्रेरित करता है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते यह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती का नाम भारतीय इतिहास की उन महान विभूतियां में शामिल है जिनकी वीरता और नेतृत्व क्षमता का उदाहरण आज भी दिया जाता है रानी दुर्गावती नाम के अनुरूपी अपने साहस, शौर्य तेज एवं कुशल शासक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा हम सभी रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनके गौरवशाली इतिहास को शत-शत नमन करते हैं रानी दुर्गावती ने अपनी बहादुरी और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने राज का कुशल संचालन किया भारतीय इतिहास में उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हम सभी उनको कोटि-कोटि नमन करते हैं इस अवसर पर रमेश परस्ते, मिलन सिंह, रामनरेश सिंह , सज्जू, महेश जगेत,लाखन पोरते,गिरधारी परस्ते,मानसीग यादव, यशवंत सिंह, नोने लाल परस्ते, मनीष धुर्वे,शुभम सिंह,हल्ले मरकाम, दशरथ करपेती, दिनेश पोर्ते, सचिन दीवार, कमलेश धुर्वे, प्रमोद ठाकुर, सुनील सिंह, सोनू,दीपक, हरिराम मरावी, मोनू मरावी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

खास बातें

## 25 जून को विशेष मातृ स्वास्थ्य क्लीनिक का आयोजन

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल एवं सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 जून को जिले के सभी विकासखण्ड पर विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक आयोजित किए गए हैं। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक केन्द्र पर स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा चिन्हित जोखिम गर्भवती महिलाओं की फॉलोअप जांच, आवश्यक परीक्षण एवं उपचार सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। वहीं समुदाय के निकट संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसरों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जाएंगी। विशेष क्लीनिक में उन गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर जांच एवं परामर्श दिया जाएगा, जिनकी अनुमानित प्रसव तिथि जून माह के तीसरे सप्ताह तक थी, लेकिन अभी तक प्रसव नहीं हुआ है। जिनकी संभावित प्रसव तिथि माह के चौथे सप्ताह में है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गंभीर रक्ताल्पता (एनीमिया) अथवा अन्य जटिलताओं से प्रभावित चिन्हित जोखिम गर्भवती महिलाएं। इन सभी महिलाओं की जांच एवं उपचार स्त्रीरोग विशेषज्ञों तथा स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। साथ ही गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी

### पुरानी रंजिश के चलते हुये विवाद के बाद कर दी हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

# अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

नगर के जमादार तालाब वार्ड क्रमांक 7 में किराए के मकान में हुए आमिर खान उर्फ बुच्ची अंधे हत्याकांड का हिण्डोरिया पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 23 जून को सूचना मिली थी कि जमादार तालाब के पास स्थित एक मकान में एक युवक खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान वार्ड क्रमांक 7 निवासी 28 वर्षीय आमिर खान उर्फ बुच्ची पुत्र निसार खान के रूप में की। जांच में मृतक के दोनों जांघों में चाकू के गहरे घाव पाए गए थे, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के भाई इरशाद खान की रिपोर्ट पर थाना हिण्डोरिया में हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल संपर्कों, गतिविधियों तथा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि घटना वाली रात गोप तलैया के पास मृतक का रामजी लोधी, पवन लोधी, शेर खान और चंदन लोधी के साथ विवाद हुआ था। पुलिस ने संदेह के आधार पर चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया।आरोपियों ने बताया कि मृतक आमिर खान और रामजी लोधी के बीच पुरानी रंजिश थी। घटना की रात विवाद के दौरान आमिर खान ने रामजी लोधी को थप्पड़ मारकर अपमानित कर दिया था। इसी से नाराज होकर चारों ने योजना बनाई और देर रात करीब एक बजे मृतक के कमरे पर पहुंचकर हमला कर दिया। पूछताछ में रामजी लोधी ने चाकू से वार कर हत्या करना स्वीकार किया।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए हैं।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तथा एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर, एएसआई मलखान सिंह, एएसआई जागेश्वर साहू, हिण्डोरिया थाना पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस के अनुसार, पुरानी रंजिश और घटना की रात हुए विवाद के चलते आरोपियों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

## इधर, 30 रुपये के विवाद में कर दी युवक की हत्या

### 24 घंटे में पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



थाना तेन्दूखेड़ा क्षेत्र में मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान हुए युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मात्र 30 रुपये के किराये के विवाद को लेकर 14 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक ने युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मामले में नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी धीरेंद्र खटीक फरार है, जिसकी तलाश जारी है पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान वार्ड क्रमांक 5, तेन्दूखेड़ा निवासी 25 वर्षीय अतुल अहिरवार के रूप में हुई है। घटना 23 जून 2026 की रात लगभग 9 बजे पण्डा सेठ की दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर आयोजित साप्ताहिक बाजार में हुई। मृतक अतुल अहिरवार अपने हाथ ठेले किराये पर फल विक्रेताओं को देता था। उसने अपना एक ठेला 50 रुपये किराये पर दमोह निवासी फल विक्रेता धीरेन्द्र खटीक को दिया था।

रात में जब अतुल किराया लेने पहुंचा, तब आरोपियों द्वारा केवल 20 रुपये दिए गए। शेष 30 रुपये को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान आरोपी 14 वर्षीय नाबालिग ने आवेश में आकर फल काटने वाले चाकू से अतुल के सीने पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल अतुल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अन्य फल विक्रेताओं से पूछताछ की और नाबालिग आरोपी की पहचान कर उसे रात में ही अभिरक्षा में ले लिया। पूछताछ में घटना की पुष्टि हुई। वहीं सह आरोपी धीरेन्द्र खटीक निवासी हरसिद्धि माता मंदिर के पास, कोतवाली दमोह, अभी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। प्रकरण में प्रार्थी वीरनलाल अहिरवार की रिपोर्ट पर थाना तेन्दूखेड़ा में अपराध क्रमांक 257/26 दर्ज कर धारा 103(1) एवं 296(बी) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया तथा एसडीओपी अर्चना अहीर के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र बागरी सहित तेन्दूखेड़ा, तेजगढ़ एवं तारादेही पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का सफल खुलासा किया। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# जैन अस्मिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं



### मेनका गांधी पर एफआईआर की मांग, जैन समाज ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जैन धर्म की परम पवित्र एवं अहिंसा की प्रतीक 'पिच्छिका' के संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका गांधी द्वारा लगाए गए कथित मिथ्या एवं आपत्तिजनक आरोपों तथा देश के विभिन्न स्थानों पर जैन संतों एवं तीर्थों पर हो रहे हमलों के विरोध में बुधवार को दमोह का जैन समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा, भारतीय जैन मिलन एवं सकल जैन समाज दमोह के तत्वावधान में प्रतिनिधिमंडल ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से श्रीमती मेनका गांधी के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने एवं समाज में वैमनस्य फैलाने के आरोप में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा जैन संतों एवं तीर्थ स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। धर्म रक्षा के इस अभियान में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सुधीर जैन अध्यक्ष जैन पंचायत, पद्म जैन महामंत्री, आर.के. जैन, यू.सी. जैन, नेमकुमार सराफ,अतिवीरांगना कल्पना सेठ, कविता ऋषभ जैन , दिलेश चौधरी क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ऋषभ जैन,सबन जैन , मुकेश जैन अध्यक्ष, नगर प्रमुख शाखा, महेंद्र जैन , संजय जैन , सुधीर जैन डब्लू, ज्ञानेंद्र इटोरिया,अरुण जैन, राकेश पलंदी सहित जैन मित्र मिलन के सदस्य उपस्थित रहे। जैन सिद्धांतों एवं संत परंपरा की रक्षा के लिए युवाओं और मातृशक्ति ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। जैन युवा संघ के मनीष जैन , प्रकाश जैन, बंटू गांगरा, जितेंद्र जैन सहित सभी सदस्य तथा जैन मिलन परिवार के वीर-वीरांगनाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जैन संत सूक्ष्म जीवों की रक्षा और अहिंसा के पालन हेतु पिच्छिका धारण करते हैं। ऐसे संतों पर जीवों की हत्या जैसे आरोप लगाना न केवल जैन संत परंपरा, बल्कि संपूर्ण जैन दर्शन एवं अहिंसा के सिद्धांत का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार द्वारा इस विषय पर शीघ्र उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो देशभर का जैन समाज व्यापक एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# अंधे मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत, दो युवकों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूखेड़ा-पाटन मार्ग पर नरगुवा घाट के अंधे मोड़ पर बुधवार सुबह दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बम्हौरी निवासी आशु बसोर (18) अपने पिता भाईलाल बसोर (40) के साथ सहजपुर से तेंदूखेड़ा लौट रहे थे। वहीं दोनी निवासी राजू अहिरवार अपनी पत्नी आशा और दो वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र के साथ मागदूपुरा से घर लौट रहे थे। नरगुवा घाट के अंधे मोड़ पर दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और दोनों चालकों के सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजू अहिरवार और आशु बसोर के रूप में हुई है। हादसे में आशा अहिरवार, भाईलाल बसोर एवं दो वर्षीय धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के दौरान मासूम धर्मेंद्र बाइक के साइलेंसर की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया।

### शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं

घायल भाईलाल बसोर ने बताया कि उनके बड़े बेटे की 27 जून को शादी है। वे छोटे बेटे आशु के साथ शादी का निमंत्रण देने सहजपुर गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। दूसरी ओर राजू अहिरवार भी एक विवाह समारोह में शामिल होकर पत्नी और बेटे के साथ घर लौट रहे थे। हादसे में राजू की मौत से दोनों परिवारों की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज गति से चल रही थीं। अंधे मोड़ पर नियंत्रण खोने के कारण आमने-सामने टक्कर हो गई। लोगों का कहना है कि यदि वाहन धीमी गति से चलाए जाते और हेलमेट का उपयोग किया जाता तो शायद यह हादसा इतना गंभीर नहीं होता।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि नरगुवा घाट पर दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हुई है तथा तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# 35 किलो गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन क्लीन₹ के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 35 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर उड़ीसा निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 8 लाख 77 हजार 500 रुपये बताई गई है।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 23-24 जून की रात्रि को कार्रवाई की गई।मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने सीताबावली मरघटा के पास विद्युत मंडल सब स्टेशन के सामने घेराबंदी कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 35 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में मिथुन नाग (27 वर्ष), लालू हरिपाल (45 वर्ष) एवं प्रशांत नाग (22 वर्ष) शामिल हैं। तीनों आरोपी ग्राम किरकिची, थाना मानमुंडा, जिला बौद्ध (उड़ीसा) के निवासी हैं।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्रमांक 604/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।पुलिस द्वारा आरोपियों से गांजे की खेप के स्रोत तथा इसके संभावित नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई को जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।कोतवाली पुलिस के इस सराहनीय कार्य की वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशंसा की है।

## जिस घर में संतों का सम्मान, वह घर स्वर्ग के समान है : उपाध्याय विशेष सागर

**पथरिया।** साधुनां दर्शन पुण्यं तीर्थ भुता हि साधनः अर्थात साधु का दर्शन पुण्य का हेतु है, शुभ है, मंगल है, लाभपद है, पाप नाशक है, संतों के नाम स्मरण मात्र से पाप कर्म पलायन करने लगता है उक्त उद्गार प.पू. गणाचार्य श्री 108



विरागसागर जी गुरुदेव के सुशिष्य प.पू विराग कीर्ति उपाध्याय श्री विशेषसागर जी महाराज ने श्री शांतिनाथ संत भवन में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा। उपाध्याय श्री ने आगे कहा पथरिया वासि सौभाग्य शाली है इस भूमि ने मम दीक्षा प्रदाता प. पू. गणाचार्य श्री विरागसागर जी गुरुदेव, विनिश्चय सागर जी, आर्जव सागर जी आदि संतों को व 25-30 त्यागी व्रतीयों को जन्म देने का सौभाग्य प्राप्त किया है, संपूर्ण विश्व में पथरिया का नाम प्रसिद्ध हो गया, पथरिया वासी को समय-समय पर साधु-संतों की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है पू. गणाचार्य श्री विरागसागर जी गुरुदेव हमेशा कहते थे उत्तम मार्ग है योगी बने और यदि योगी नहीं बन सकते तो कम से कम उपयोगी अवश्य बने, मुनि बने या जो मुनि बन चुके है उनकी सेवा करें जो दीक्षा लेने जा रहे उनकी अनुमोदना करना । पू. आचार्य श्री कहते थे जिस घर में बड़ों का आदर-सत्कार होता है, भाई-भाई एक साथ में रहते है, जोरानी-जेठानी एक साथ में रहते है वह घर मंदिर के समान है, जिस घर में संतों का सम्मान होता है वह घर स्वर्ग के समान है।



## बकरऊ नाला में दिनदहाड़े हो रहा अवैध उत्खनन, सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर, नियमों की धज्जियां

**हटा।** मुख्यालय के समीप बकरऊ नाला में अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें न तो कानून का खौफ है और न ही स्थानीय प्रशासन का डर। ताजा मामला हटा से बटियागढ रोड़ पर बरोदा गांव के पास बकरऊ नाला में दिन-दहाड़े बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। आमतौर पर चोरी-छिपे होने वाला यह काला कारोबार बरोदा गांव में पूरी दबंगई के साथ खुलेआम चल रहा है। गांव से निकले नाला के भीतर जेसीबी मशीन लगातार खुदाई कर रही हैं, जहां नाला को पूरी तरह से छलनी किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में जलस्तर गिरने और ग्रामीणों के सामने जल संकट खड़ा होने का बड़ा खतरा मंडराने लगा है। इस अवैध कारोबार की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके पर लगभग 10 ट्रैक्टर लगातार फेरे लगा रहे हैं। बिना किसी रॉयल्टी और बिना किसी अनुमति के दिन के उजाले में बजरा मुरुम का यह अवैध परिवहन धड़ल्ले से जारी है। तेज रफ्तार दौड़ते इन भारी वाहनों के कारण न सिर्फ ग्रामीण सड़कों के परखच्चे उड़ रहे हैं, बल्कि हर वक्त हादसे का अंदेशा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बकरऊ नाला में किए जा रहे अवैध उत्खनन की मुरम से सगरोन पंचायत में मुख्य सड़क से टगर की ओर जाने वाले रोड का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जन भागीदारी से किया जा रहा है जो एक स्थानीय भाजपा नेता की सांठगांठ से किया जा रहा है। जिसमें चोरी की मुरम डालकर लाखों रुपए के बिल लगाकर भुगतान किए जाने की बात सामने आई है।

# हिनौता कला साप्ताहिक बाजार में लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिनौताकलां

बुधवार को हिनौता कला में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान भारी यातायात जाम की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। बाजार क्षेत्र में बड़ी संख्या में वाहनों और लोगों की मौजूदगी के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। स्थिति की जानकारी मिलते ही गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर जाम हटवाकर यातायात को सुचारु कराया तथा दुकानदारों और वाहन चालकों को सड़क पर

### पुलिस ने संभाली व्यवस्था

वाहन खड़े नहीं करने की समझाइश दी। थाना प्रभारी ने लोगों से निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने की अपील करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि के प्रति भी जागरूक किया। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही समय में यातायात सामान्य हो गया। स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने थाना प्रभारी सौरभ शर्मा और उनकी टीम की तत्परता की सराहना करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की।

## कलेक्टर ने खाद वितरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए दिशा- निर्देश



**दमोह ।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अपरान्ह आकस्मिक रूप से जबेरा मण्डी खाद वितरण केंद्र और जबेरा समिति पहुँचकर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने किसान भाईयो से चर्चा भी की और उनकी बाते व समस्याएं भी सुनी। यहां पर आकस्मिक जांच में समिति ने एक किसान ने बताया उसे यूरिया ग्राम रोड़ में प्राईवेट डीलर द्वारा निर्धारित दर से अधिक में प्रदाय किया गया है, कलेक्टर श्री यादव नें नायब तहसीलदार श्री साहू को मौके पर भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। किसान अरविंद सिंह ने बताया उसे यूरिया 350 रूपये में दिया गया है। टोकन के 50 रूपये ले रहे है। किसानो ने बताया कियोस्क में किसानो से निर्धारित 15 रूपये की जगह 50 रूपये वसूल किये जा रहे है, कलेक्टर श्री यादव नें गर्वनेंस मैनेजर से तत्काल दूरभाष पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव नें किसानो से कहा सभी मण्डियो, सहकारी समितियों और कृषि कार्यालयों में निशुल्क टोकन प्रदाय किये जायेगे, किसान भाई इस व्यवस्था का लाभ उठायें। कलेक्टर ने सभी समितियों, मण्डी में इस आशय का फ्लैक्स लगवाने के निर्देश दिए। जबेरा समिति में खाद प्रदाय पर्ची में कोरे रसीद पर हस्ताक्षर देखकर कलेक्टर ने सख्त अप्रसन्नता व्यक्त कर फोरन कार्रवाई के निर्देश दिए। इस संबंध में जीएम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

### सिंग्रामपुर में मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस...

# रानी दुर्गावती ने महिलाओं को सैन्य प्रशिक्षण राष्ट्ररक्षा व आत्मरक्षा में उनकी भागीदारी की- केंद्रीय राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर



वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन दमोह द्वारा जबेरा विधानसभा क्षेत्र के सिंग्रामपुर खेल मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती ने इतिहास में पहली बार महिलाओं को सैन्य प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की थी। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन आज भी साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में प्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी गौरव और संस्कृति के संरक्षण के लिए जबलपुर में 'रानी दुर्गावती लोक' की स्थापना की दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही आदिवासी युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि रानी दुर्गावती ने मुगल आक्रांताओं का वीरतापूर्वक सामना कर मातृभूमि की रक्षा की और उनका जीवन त्याग, स्वाभिमान तथा राष्ट्रभक्ति की अनुपम मिसाल है।पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि सिंगौरगढ़ किला और रानी दुर्गावती द्वारा विकसित व्यवस्थाएं उनकी दूरदर्शिता का प्रमाण हैं, जो आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं।मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल एक वीरांगना नहीं, बल्कि साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की अमर प्रतीक हैं।कार्यक्रम के दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा पौधारोपण किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया और छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने सिंग्रामपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह, विधायक जयंत मलैया, डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, विधायक उमादेवी खटीक, विधायक शरद कोल, जनप्रतिनिधि श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे, संगीता श्रीधर, विनिता जी, पंकज तेकाम, सोहन सिंह एवं महेश पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस), सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य, बलिदान और जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनसमुदाय की उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और गौरव की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया।